

आप सभी को वसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं...

परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा। पर निंदा सम अघ न गरिसा।।
धरमु न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुराण बखाना।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई। करुणा सागर कीजि सोइ।।

|| मानस सनातन धर्म || Ram Katha 971- New Delhi || ※मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel


# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 190 | इंदौर, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर पर समर्पित होगी नई दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाली म.प्र. की झांकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2026 में मध्यप्रदेश की भव्य झांकी शामिल होगी। झांकी में 'पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर' के गौरवशाली व्यक्तित्व, सुशासन, आत्मनिर्भरता, नारी सशक्तीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया जायेगा।**

झांकी के अग्र भाग में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की चिर-परिचित प्रतिमा को दर्शाया गया है, जिसमें वे हाथ में शिवलिंग धारण किए पद्मासन में विराजमान हैं। यह दृश्य भारतीय मातृशक्ति की सौम्यता, गरिमा और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।

झाँकी के मध्य भाग में लोकमाता अहिल्याबाई अपने मंत्री-गण एवं सैनिकों के साथ दिखाई गई हैं, जो उनके सुदृढ़




प्रशासन और

न्यायप्रिय शासन व्यवस्था को दर्शाता है। इसके निचले हिस्से में उनके शासनकाल में होल्कर साम्राज्य द्वारा किए गए मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का चित्रण है, जहाँ एक सैनिक पहरा देते हुए सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा का संदेश देता है।

अंतिम भाग में देवी अहिल्याबाई की राजधानी महेश्वर के प्रसिद्ध घाट, मंदिर एवं किले को प्रदर्शित किया गया है। नीचे पवित्र नर्मदा नदी, घाट एवं नौकाओं का दृश्य अंकित है। झाँकी के अंतिम छोर पर महेश्वर घाट स्थित मंदिरों के शिखर दिखाई देते हैं। वहीं भित्तिचित्रों में लोकमाता अहिल्याबाई के मार्गदर्शन में महिलाएँ प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ी की बुनाई करती हुई नजर आती हैं, जो उनके काल में नारी सशक्तीकरण, स्वदेशी उत्पादन और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण है। झाँकी के साथ चलते लोक कलाकारों का पारंपरिक नृत्य, इस प्रस्तुति को जीवंत, रंगीन और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बनाता है।

## स्वास्थ्य परीक्षण और छात्रों के लिए सेनेटरी नैपकिन भेंट किए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं इंदौर द्वारा शासकीय आवासीय श्रमोदय विद्यालय बेटमा खुर्द में श्रममंत्री प्रहलाद पटेल की श्रीपहल योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

यह जानकारी ई एस आई एस के संचालक डॉ.चंद्रशेखर जायसवाल ने दी उन्होंने बताया कि 139 छात्र-छात्राओं का वजन ,ऊंचाई, विजन एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकता अनुसार सभी को दवाइयां एवं उचित परामर्श दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के लिए प्राचार्य श्रीमती सीमा सलवा को सेनेटरी नैपकिन भेंट किए गए। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लड़कियों के विकास क्रम पर डॉ. केशर कटारे ने चर्चा की, प्रदीप जोशी ने स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। स्वास्थ्य परीक्षण दल में डॉ. महिमा मसीह, डॉ.केशर कटारे, एम ए अंसारी रवि चौहान, संजय राठौर, मंजू को, शिववती पटेल, फूला मंडलोई आदि शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय की रिचा पाठक, सुमित्रा परासिया, अरुण भदौरिया, राम शरण सिंह भी उपस्थित थे।

# पेट्रोल पंप पर आम उपभोक्ताओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

### उपभोक्ता सेवा सुविधा अभियान अंतर्गत आवश्यक व्यवस्था सुविधाओं का चलाया गया है विशेष अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशीलता का एक और नवाचार - प्रत्येक पेट्रोल पंप पर पंप संचालक को उपभोक्ताओं को देनी होगी जरूरी सेवाएं**

इंदौर। जनवरी माह में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रण द्वारा सभी आपूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पेट्रोल पंप पर पेट्रोल पंप संचालक द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जाये। पेट्रोल पम्प पर इन सुविधाओं का विशेष निरीक्षण किया जाये। पम्प पर क्या-क्या सुविधाएं मिल रही हैं, उसके संकेतक पेट्रोल पंप पर लगवाए जा रहे हैं। सभी पेट्रोल पंप पर जरूरी सुविधाओं के साथ पीने का स्वच्छ पानी हो, मशीन से जो पानी




आ रहा है वह साफ स्वच्छ हो, मशीन की नियमित साफ सफाई होती हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। महिला पुरुष शौचालय पृथक-पृथक हो व खुले और साफ सुथरे हो। आम उपभोक्ताओं के उपयोग के लिए सदैव खुले




रहें यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर उपरोक्त के अलावा शिकायत-सुझाव पेटी लगी हो, इसका नियमित प्रतिमाह अवलोकन ऑयल कंपनी के अधिकारी और खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। शिकायत सुझाव पेटी में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण पर भी निगरानी रखी जायेगी। इसके अलावा हवा भरने के लिए मशीन लगी होना चाहिये। हवा भरने के लिए पृथक से कर्मचारी होना चाहिये। फर्स्ट एड बॉक्स की सुविधा होना चाहिये, जिसमें दवाइयां वैध अवधि की हो। नगर निगम क्षेत्र में पीयूसी लगा हो और वह चालू स्थिति में हो। प्रतिदिन वाहनों की पीयूसी करने के लिए पृथक से कर्मचारी हो। पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा कितनी मिलाई जा रही है इसका डिस्प्ले भी पेट्रोल पंप पर प्रदर्शित होना चाहिये। जिस भी पेट्रोल पंप पर निरीक्षण में आधारभूत सुविधाएं अव्यवस्थित पाई जाती है या टॉयलेट आदि बंद पाए जाते हैं, गंदे पाए जाते हैं तो नियमानुसार उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# सैयद नूरुद्दीन नाहर शाह वली सरकार का 77वां उर्स... दरगाह शरीफ पर पेश की चादर

- मांगी अमन ओ चैन की दुआ, तीन दिनी उर्स के दौरान अनेक कार्यक्रम
- 316 मेधावी विद्यार्थियों को बांटे छात्रवृत्ति के चेक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सैयद नूरुद्दीन नाहर शाह वली सरकार के 77वें उर्स आगाज खजराना स्थित दरगाह शरीफ पर चादर पेश कर हुआ। इस दौरान सभी ने मिलकर अमन ओ चैन दुआ मांगी। तीन दिनी उर्स के दौरान यहां अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उर्स के पहले दिन मप्र वक्फ बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सनवर पटेल शामिल हुए और आयोजित कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए।

दरगाह सदर डॉ. रिजवान पटेल ने बताया कि उर्स का आगाज सुबह चादर पेश करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सनवर पटेल, दरगाह सदर डॉ. रिजवान पटेल, वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष रेहान शेख, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सय्यद वाहीद अली, पार्षद जमीला पटेल के पति हाजी उस्मान पटेल, अन्नू पटेल, युनुस पटेलगुड्डू, विधायक प्रतिनिधि इम्तियाज मेमन, एपीजे कलाम मंडल अध्यक्ष अजहर शेख, क्षेत्रीय थाना प्रभारी



मनोजसिंह सेंधव सहित सैकड़ोंकी संख्या में समाज जन मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने मिलकर देश में अमन ओ चैन की दुआ की। उर्स के दौरान तीन दिनों तक प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कव्वालों द्वारा कव्वाली पेश की जाएगी।दोपहर में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल द्वारा लगभग 316 मेधावी बच्चों को 10-10 हजार रुपये की स्कॉलरशिप के चेक वितरित किए गए।

उर्स में मीना बाजार, झूले और खानपान की दुकानें भी लगी हैं। मीना बाजार में पुरूषों की एंट्री प्रतिबंधित की गई है। डॉ. रिजवान पटेल ने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा जारी सभी गाइड लाइनों का पूरी सख्ती से पालन करते हुए ही उर्स कराया जा रहा है।

**मशहूर कव्वाल बांधेंगे समां -** 22 जनवरी को पहली कव्वाली महफिल आयोजित होगी, जिसमें मशहूर कव्वाल आफताब कादरी और खालिद साबरी अपने सूफियाना कलाम पेश करेंगे। इसके पश्चात नमाजे ईशा के बाद दरगाह मस्जिद में तकरीर होगी।

23 जनवरी को रईस अनीस साबरी और 24 जनवरी को प्रसिद्ध कव्वाल हमसर हयात निज़ामी की कव्वाली होगी। उर्स का समापन 25 जनवरी को सुबह 8 बजे महफिल-ए-रंग और फातेहा ख्वानी के साथ किया जाएगा। जायरीनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे यातायात और सुरक्षा दोनों सुचारू रहेंगे। उन्होंने प्रशासन और समाज के सहयोग के लिए आभार जताया।

**पटेल समाज की ओर से फ्री लंगर** - पटेल समाज की ओर से हर वर्ष उर्स के अवसर पर लगभग दस हजार व्यक्तियों को तीन दिन तक फ्री लंगर खिलाया जाता हैं यह कार्य निरंतर पिछले कई वर्षों से किया जाता आ रहा हैं जिसमें लगने वाला खर्च पटेल समाज व कई सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह लंगर खिलाया जाता हैं।

परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा । पर निंदा सम अघ न गरिसा ।।
धरमु न दूसर सत्य समाना । आगम निगम पुराण बखाना ।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई । करूणा सागर कीजि सोइ ।।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 190 | इंदौर, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जोन 14 में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने किया निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने गुरुवार को जोन क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले सुदामा नगर, हवा बंगला रोड, 60 फीट रोड, प्रभु नगर, अन्नपूर्णा नगर सहित विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से बात की और गंदे पानी की समस्या और जलापूर्ति न होने से जुड़ी शिकायतें सुनीं। जलापूर्ति बाधित होने के मामलों में सुधार कार्य प्राथमिकता से करने को कहा। जल सुनवाई और जलप्रदाय समीक्षा बैठक के दौरान सामने आई शिकायतों को निगमायुक्त ने गंभीरता से लिया था। इसी के तहत वे संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय और सीवरेज व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाइपलाइन संधारण, लीकेज, वाल्व संचालन, क्लोरिनेशन तथा जलापूर्ति से जुड़े अन्य तकनीकी बिंदुओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन इलाकों में गंदे पानी की समस्या या जलापूर्ति बाधित है, वहां संधारण और सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि काम पूरा होने के बाद दोबारा चेक कर सुनिश्चित करें कि समस्या का स्थायी समाधान हो। इस दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त आशीष पाठक, संबंधित जोनल अधिकारी, जलप्रदाय विभाग के अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बता दें कि नगर निगम द्वारा हर मंगलवार को जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई लोगों द्वारा पानी से संबंधित शिकायतें की जा रही हैं। इन्हीं शिकायतों को दूर करने के लिए निगम के अधिकारी मैदान में हैं।

## बिना हेलमेट इंदौर में नहीं चला सकेंगे वाहन

**इंदौर।** Muj में यातायात पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। समझाइश और हजारों मुफ्त हेलमेट बांटने के बाद अब पुलिस ने चालानी कार्रवाई तेज कर दी है। शहर के चार प्रमुख जोन के अंतर्गत विजयनगर, पलासिया, महू नाका और चाणक्यपुरी चौराहों पर विशेष टीमें तैनात की गई हैं। इन चौराहों से गुजरने वाले बिना हेलमेट वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा दो दिन में बिना हेलमेट वाहन चालकों के कुल 4512 चालान बनाए गए हैं। परसों केवल पलासिया चौराहे पर दो घंटे की कार्रवाई में ही 2331 चालान काटे गए थे।

### लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश सहयोग के लिए बनी सहमति

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में मप्र और डीपी वर्ल्ड के बीच हुआ एमओयू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बुधवार को दावोस में मध्यप्रदेश और वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में स्थित अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने एवं डीपी वर्ल्ड की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा वित्त एवं व्यवसाय विकास अधिकारी श्री अनिल मोहता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष श्री सुल्तान अहमद बिन सुलायेम उपस्थित रहे। इस एमओयू के माध्यम से औद्योगिक विकास और निवेश सहयोग से जुड़े विषयों पर सहमति बनी, जो राज्य में लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने की क्षमता रखती है।**




एमओयू में डीपी वर्ल्ड द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। यह पहल राज्य को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में अहम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर राज्य की औद्योगिक नीतियों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण एवं बुनियादी ढांचे के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एमओयू के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और औपचारिक रूप से समझौता दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

## विजयवर्गीय इस बार नहीं जाएंगे गणतंत्र दिवस पर धार

**इंदौर।** हमेशा सक्रिय रहने वाले प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय न तो इस बार भोजशाला में धार की कमान संभालेंगे और न ही गणतंत्र दिवस पर वे झंडावंदन करने जाएंगे। वे दस दिन के अवकाश पर हैं। अपने पारिवारिक सदस्य के निधन के कारण वे दस दिन किसी भी आयोजन में शामिल नहीं होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग से मंत्रियों की जिलों में ध्वजारोहण की जानकारी वाली सूची में विजयवर्गीय का नाम नहीं है। उनके प्रभार वाले जिले धार और सतना में इस बार कलेक्टर झंडा फहराएंगे। विजयवर्गीय ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि वे दस दिन के अवकाश पर हैं, लेकिन इसकी आधिकारिक तौर पर वजह उन्होंने नहीं बताई। उधर विजयवर्गीय के कार्यालय से निजी सचिव ने एक पत्र भी जारी किया है, जिसमें लिखा है कि विजयवर्गीय के निकट पारिवारिक सदस्य का निधन होने के कारण वे आगामी कुछ दिनों तक किसी भी आधिकारिक, सार्वजनिक व सामाजिक आयोजनों में शामिल नहीं होंगे।

### महापौर ने किया भागीरथपुरा का दौरा

# पाइप लाइन एवं वॉल्व बदलने एवं रिपेयरिंग के कामों को भी देखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में चल रहे नर्मदा पाइपलाइन संधारण कार्यों का गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निरीक्षण किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर बबलू शर्मा सहित नगर निगम के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने भागीरथपुरा पानी की टंकी परिसर से लेकर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में चल रहे पाइपलाइन कार्यों की मौके पर जाकर स्थिति देखी।**



निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव ने नर्मदा जलप्रदाय लाइन में किए जा रहे वाल्व बदलने, रिपेयरिंग और अन्य आवश्यक सुधार कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भागीरथपुरा क्षेत्र में जल्द से जल्द स्थिति सामान्य कर सुचारू जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाए।

महापौर ने कहा कि निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ सभी कार्य पूरे करना प्राथमिकता है, ताकि जिन क्षेत्रों में अभी जलप्रदाय सुचारू है, वहां किसी तरह की बाधा न आए और साथ ही शेष क्षेत्रों में भी नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से भी चर्चा की। बता दें कि भागीरथपुरा में दूषित जल के कारण 25 लोगों की जान चली गई, वहीं कई लोग अस्पताल में भर्ती हो चुके हैं। इस घटना के बाद से ही यहां पर नर्मदा और ड्रेनेज लाइन का काम तेजी से किया जा रहा है।

# वैक्स कराने ब्यूटी पार्लर गई मॉडल का चेहरा बिगड़ा

**ग्वालियर।** ब्यूटी पार्लर की लापरवाही से मॉडल प्रज्ञा शुक्ला का चेहरा केमिकल से जल गया, जिससे उनका मॉडलिंग करियर खतरे में पड़ गया। उपभोक्ता फोरम ने ब्यूटी पार्लर की प्रोपराइटर पर 20 हजार रुपये का जुर्माना और 2 हजार रुपये कोर्ट खर्च चुकाने का आदेश दिया है। साल 2021 में मॉडल प्रज्ञा शुक्ला ग्वालियर के नई सड़क स्थित कायाकल्प ब्यूटी पार्लर एंड मेकअप स्टूडियो में वैक्स कराने गई थीं। पार्लर के स्टाफ ने वैक्स में केमिकल की अधिक मात्रा मिला दी, जिससे उनके चेहरे पर जलन और घाव हो गए। प्रज्ञा ने ब्यूटी पार्लर की प्रोपराइटर सुनीता सोनी से शिकायत की, जिन्होंने लेप लगाकर चेहरा ठीक होने का आश्वासन दिया। हालांकि, समय के साथ चेहरे पर घाव और स्पॉट्स उभरने लगे। प्रज्ञा करीब एक साल तक स्किन स्पेशलिस्ट से इलाज कराती रहीं, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने सर्जरी का विकल्प सुझाया, जिसमें 50 हजार रुपये का खर्च बताया गया। चेहरा खराब होने से प्रज्ञा के मॉडलिंग करियर पर भी असर पड़ा और कई प्रोजेक्ट्स प्रभावित हुए। ब्यूटी पार्लर ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। मजबूर होकर प्रज्ञा ने 22 सितंबर 2023 को जिला उपभोक्ता फोरम में मामला दर्ज कराया। उपभोक्ता फोरम ने 18 जनवरी 2026 को ब्यूटी पार्लर की प्रोपराइटर सुनीता सोनी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त, 2 हजार रुपये कोर्ट खर्च चुकाने का भी आदेश दिया गया।

दावोस में नजर आया मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास की गति का सकारात्मक प्रभाव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मध्यप्रदेश सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों से दावोस बैठक बनी महत्वपूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पिछले 2 वर्ष में जितनी तीव्र गति से औद्योगिक विकास हुआ है उसका सकारात्मक प्रभाव दावोस में दिखाई दिया है। दावोस में विभिन्न क्षेत्रों के बड़े उद्योगपतियों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें और चर्चा हुई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में विभिन्न इंटरनेशनल कम्पनियों के साथ हुई बैठकों के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की।**



**नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश का पावर हब बन चुका है मध्यप्रदेश-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में भारत का सबसे बड़ा दल पहुंचा है। आज भारत सभी क्षेत्रों में तेज गति से आगे बढ़ रहा है और बहुत जल्द चौथी सबसे सशक्त आर्थिक ताकत से एक से डेढ़ वर्ष में विश्व में तीसरा स्थान हासिल कर लेगा। बदलाव के इस दौर में मध्यप्रदेश में सोलर एनर्जी, आईटी, टूरिज्म सहित सभी सेक्टर्स में विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का पावर हब बन चुका है। प्रदेश में पंप स्टोरेज, सोलर एनर्जी और विंड एनर्जी उत्पादन को बढ़ाया जा रहा है। ओंकारेश्वर में बांध के पानी पर सोलर प्लेट बिछाकर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। राज्य में 32 लाख किसानों को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सोलर पंप बांटे जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि देश में नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से उत्पादित सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश उपलब्ध करवा रहा है। प्रदेश के इस मॉडल को समझने और अध्ययन करने के लिए लोग काफी उत्साहित हैं।

## ● मालदीव के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है मध्यप्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दावोस इकोनॉमिक फोरम में मालदीव के मंत्री और अर्थशास्त्री डॉ. मोहम्मद सईद के साथ अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। उद्योग क्षेत्र में साझेदारी के लिए डॉ. सईद ने बताया कि उनके देश में टूरिज्म के अलावा मत्स्य पालन, आईटी, हेल्थ जैसे अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति ने पूर्व में काफी ठोस निर्णय लिए हैं। मध्यप्रदेश सरकार मालदीव के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगामी समय में वे स्वयं मालदीव की यात्रा करेंगे और वहां विकास के लिए परस्पर साझेदारी की संभावनाओं को तलाशेंगे। मालदीव भी भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ने में रुचि रखता है। मालदीव के स्थानीय लोगों और वहां रहने वाले भारतवंशियों के परस्पर बेहतर सांस्कृतिक संबंध हैं।

बसंत पंचमी पर महाकाल मंदिर से होली की शुरुआत

# पीले पुष्प, पंचामृत अभिषेक और गुलाल अर्पण के साथ बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। बसंत पंचमी पर्व की शुरुआत शुक्रवार को भगवान महाकाल के आंगन से हुई। महाकाल मंदिर में पीले वस्त्रों और पुष्पों के साथ भगवान को गुलाल अर्पित किया गया। महाकाल मंदिर के आंगन से ही बसंत पंचमी पर्व पर गुलाल अर्पित कर होली पर्व की शुरुआत भी मानी जाती है। आज से प्रतिदिन होली तक भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।**

बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक विश्व-प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर तड़के चार बजे मंदिर के कपाट खोले गए। इसके बाद भगवान महाकाल को जल से स्नान कराया गया। दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से बाबा महाकाल का अभिषेक-पूजन किया गया। इस दौरान भगवान को पीले पकवानों का भोग भी अर्पित किया गया। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बाबा महाकाल का राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भगवान के मस्तक पर त्रिपुंड और चंद्र के साथ पुष्प अर्पित किए गए। भस्म आरती के दौरान महाकाल का भांग, चंदन, सिंदूर एवं आभूषणों से श्रृंगार किया गया। मस्तक पर रत्नजड़ित तिलक, रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला एवं रजत जड़ी रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्पों की माला अर्पित की गई। फल एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया।



### केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक

ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में तड़के होने वाली भस्म आरती से लेकर रात्रि में होने वाली शयन आरती तक, पांचों आरतियों में बसंत पंचमी पर्व का उत्साह देखने को मिलेगा। महाकाल मंदिर के महेश पुजारी ने बताया कि शुक्रवार को बसंत पंचमी पर्व पर भस्म आरती में भगवान महाकाल का केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक किया गया। भगवान को सरसों के पीले फूल अर्पित किए गए। मंदिर की परंपरा के अनुसार बसंत पंचमी से होली तक नित्य आरती में भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।

# अब अविवाहित, तलाकशुदा बेटियों को आजीवन मिलेगी पेंशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में 50 साल बाद पेंशन नियम बदलेंगे। आश्रित विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित पुत्रियां आजीवन परिवार पेंशन की पात्र होंगी। इसके लिए अधिकतम 25 वर्ष की आयु सीमा समाप्त होगी। आश्रितों के लिए आय सीमा भी बढ़ाई जाएगी। यह न्यूनतम पेंशन और महंगाई राहत मिलाकर होगी। आश्रित बड़ी संतान चाहे वह बेटा हो या बेटी, जो बड़ा होगा, वह परिवार पेंशन का पात्र होगा। साथ ही कई प्रक्रियात्मक परिवर्तन भी प्रस्तावित किए गए हैं। प्रदेश में चार लाख से अधिक पेंशनधारक हैं। इनके लिए 1976 में पेंशन नियम बनाए गए थे। तब से भारत सरकार कई संशोधन कर चुकी है, जिन्हें प्रदेश के पेंशनरों के लिए लागू करने की मांग पेंशनर्स एसोसिएशन उठाती रही है। मुख्य सचिव अनुराग जैन जब अपर मुख्य सचिव वित्त थे, तब नियमों में परिवर्तन को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन प्रक्रिया लंबी खिंचती चली गई। अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने समिति बनाई और नियमों में संशोधन के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया। सूत्रों के अनुसार पेंशन नियम में अब यह प्रविधान किया जा रहा है कि आश्रित के लिए आय सीमा में वृद्धि की जाएगी। यह न्यूनतम पेंशन, जो 7,750 रुपये प्रतिमाह होती है, और महंगाई राहत जोड़कर निर्धारित होगी यानी न्यूनतम पेंशन में 55 प्रतिशत महंगाई राहत जोड़ी जाएगी। इसका लाभ यह होगा कि इस सीमा के भीतर यदि आश्रित की आय है तो उन्हें भी परिवार पेंशन की पात्रता होगी। इसके साथ ही एक बड़ा परिवर्तन यह भी किया जा रहा है कि आश्रित में अविवाहित बेटी के लिए आयु सीमा का बंधन समाप्त किया जाएगा। अभी 25 वर्ष से अधिक अविवाहित पुत्री को पात्र नहीं माना जाता है। इसके साथ ही आश्रित विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा बेटियां भी परिवार पेंशन के दायरे में आएंगी।

## ललित श्रीवास्तव के निधन पर दु:ख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार श्री ललित श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री ललित श्रीवास्तव ने अनेक समाचार पत्रों के लिए कार्य किया। वे पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीयता के लिए जाने गए। उनके निधन से पत्रकारिता जगत की क्षति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से स्व. ललित श्रीवास्तव की आत्मा की शांति और उनके शोकाकुल परिजन एवं मित्रजन को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## 'हनुमान जी' को बताया 'आदिवासी'

**सेंधवा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने एक बार फिर हनुमान जी को आदिवासी बता दिया है। वह सेंधवा में गुरुवार को एक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पर सिंघार ने कहा कि भगवान राम की सेना में शामिल वानर सेना आदिवासी थी। उमंग सिंघार ने कहा कि जितने लोग उस सेना में राम के साथ थे, वह सब आदिवासी थे। राम को अगर जिताया है तो आदिवासी। हम हनुमान की पूजा करते हैं। गांव-गांव में हनुमान के मंदिर है। जो हमारे वंशज है। मैं तो कहता हूं कि वह भी वानर थे। वह भी आदिवासी थे। लेकिन जब ये हिंदू की बात करते भगवानों की बात करते हैं तो मोदी जी पतंग उड़ाते हैं। मतलब आदिवासियों को उड़ा रहे तो क्या आदिवासी तक कमजोर है जो उड़ जाएगा बोलो नहीं उड़ेगा आदिवासी के पास तीर भी है। कमान भी है और गुस्सा भी है ताकत भी है।

## मॉक ड्रिल में दिया महाराष्ट्र के तीन ताप विद्युत गृहों को बैकअप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह के माध्यम से उच्च स्तरीय अभियान्त्रिकी दक्षता, समन्वय एवं परिचालन तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कम्पनी के साथ गत दिवस सफलतापूर्वक ब्लैक स्टार्ट मॉक ड्रिल की। यह अभ्यास विशिष्ट आपातकालीन परिस्थितियों या राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड के आंशिक अथवा पूर्ण विफल होने की स्थिति में विद्युत प्रणाली की त्वरित बहाली एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जाता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी के पेंच जल विद्युत गृह से महाराष्ट्र राज्य स्थित कोराडी ताप विद्युत गृह (महा-जेनको), खापरखेड़ा ताप विद्युत गृह (महा-जेनको) व विदर्भ औद्योगिक विद्युत गृह (अदाणी समूह), नागपुर तक एक आयलैंड का निर्माण कर महाराष्ट्र की लगभग 5 हजार मेगावाट उत्पादन क्षमता को बैकअप दिया गया।



## संपादकीय

# विकास के लिए स्वच्छ हवा जरूरी

देश की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यावरण का बिगड़ना, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आने वाली रुकावटों से कहीं बड़ा खतरा है... यह कहना है हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ का। गुरुवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर बोलते हुए गोपीनाथ ने कहा कि प्रदूषण से होने वाले आंतरिक नुकसान, जैसे कि स्वास्थ्य समस्याएं और काम करने की क्षमता में कमी, बदलते टैरिफ नियमों से होने वाले संभावित जोखिमों से कहीं ज्यादा हैं। उनकी इस बात ने इस बढ़ती आम राय को उजागर किया है कि भारत की आर्थिक स्थिरता सीधे तौर पर हवा और पानी की गुणवत्ता से जुड़ी हुई है। गोपीनाथ के इस बयान का समर्थन कुछ भारतीय नेताओं ने भी किया है जो लंबे समय से पर्यावरण सुधार की वकालत कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद और अनुभवी राजनयिक शशि थरूर ने गोपीनाथ की चिंताओं को दोहराते हुए कहा कि वे पिछले 10 सालों से वायु प्रदूषण को राजनीतिक चर्चा का मुख्य मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। थरूर ने बताया कि 10 साल तक वायु प्रदूषण पर एक गोलमेज सम्मेलन आयोजित करने के बावजूद, इस मुद्दे को हाल ही में जनता और दुनिया का ध्यान मिला है। कांग्रेस नेता ने एक बड़े प्रशासनिक बदलाव का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय को एक विशेष 'एयर क्वालिटी जार' (वायु गुणवत्ता प्रमुख) नियुक्त करना चाहिए। यह प्रमुख पूरे देश में स्वच्छ वायु मिशन की देखरेख करेगा। थरूर का तर्क था कि ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति के पास विभिन्न सरकारी विभागों के बीच तालमेल बिठाने का अधिकार होगा, जो अभी अलग-अलग काम करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि पर्यावरण लक्ष्यों को एक केंद्रित और एकल कार्रवाई से पूरा किया जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सचमुच! 10 सालों से मैं वायु प्रदूषण पर एक गोलमेज सम्मेलन चला रहा हूं, लेकिन मुझे वह राजनीतिक समर्थन नहीं मिला जिसकी मुझे उम्मीद थी। आखिरकार, मुझे राहत है कि यह मुद्दा इस साल जनता की चेतना में आ गया है और अब इसे वैश्विक ध्यान भी मिल रहा है। हमें एक स्वच्छ वायु अभियान की जरूरत है, जिसमें एक एयर क्वालिटी जार हो जो सभी संबंधित डिपार्टमेंट्स को मिलकर काम करने के लिए मजबूर कर सके। उम्मीद है प्रधानमंत्री कार्यालय इस तरह के अप्रोच के बारे में गंभीरता से सोच रहा होगा।' इस चेतावनी के पीछे के आर्थिक आंकड़े भी बहुत गंभीर हैं। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि अकेले वायु प्रदूषण के कारण भारत को हर साल अपने सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का लगभग 1.36 प्रतिशत नुकसान होता है। यह नुकसान मुख्य रूप से काम के सालों के नुकसान और स्वास्थ्य पर होने वाले बढ़े हुए खर्च के कारण होता है। इसके अलावा, उत्तरी भारत में लगातार होने वाले स्मॉग सीजन के कारण अक्सर स्कूल और निर्माण स्थल बंद हो जाते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होता है और उन क्षेत्रों में विदेशी निवेश कम हो जाता है, जहां कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा माना जाता है।

## धार भोजशाला

### 10 साल बाद नमाज-पूजा एक ही दिन

# पूजा जारी, दोपहर में नमाज 8000 पुलिसकर्मी तैनात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। मध्य प्रदेश के धार स्थित विवादित धार्मिक स्थल भोजशाला में बसंत पंचमी पर शुक्रवार को पूजा और नमाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। हिंदू श्रद्धालुओं ने सूर्योदय के साथ वाग्देवी (मां सरस्वती) की पूजा शुरू की। हवन और पाठ सूर्यास्त तक किए जाएंगे।**

यहीं, एक अलग क्षेत्र में दोपहर 1 से 3 बजे तक जुमे की नमाज भी अदा की जाएगी। आमतौर पर बसंत पंचमी पर पूजा और जुमे के दिन नमाज की ही अनुमति रहती है, लेकिन दोनों एक दिन पड़ते हैं तो तनाव की स्थिति बनती है।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस के साथ सीआरपीएफ और रैपिड एक्शन फोर्स के 8000 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं। इलाके की निगरानी सीसीटीवी, ड्रोन और AI तकनीक से की जा रही है।

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए हिंदू पक्ष को सूर्योदय से सूर्यास्त तक वाग्देवी की पूजा की पूरी छूट दी है। साथ ही मुस्लिम पक्ष को दोपहर 1 से 3 बजे तक जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने प्रशासन से शांति और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए थे।

### ● धार एसपी बोले- संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर

धार एसपी मयंक अवस्थी ने भोजशाला में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा- सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। धार शहर को 7 जोन में बांटा गया है, जिन्हें एसपी रैंक के अफसर मॉनिटर कर रहे हैं। एक-एक गली चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर है। भोजशाला को 6 सेक्टर में बांटा गया है। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसको ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्था की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी हो रही है। एसपी अवस्थी ने नमाज को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार व्यवस्था की गई है।

## भोजशाला के लिए निकली शोभायात्रा, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर भी हैं मौजूद









Gujrat

# टाइम से पहले पूरी कर ली दौड़ और फिर चली गई जान, पुलिस भर्ती 25 साल के युवक की मौत

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** खाकी वर्दी पहनने का सपना लेकर वह कई सालों से मेहनत करता था। सुबह-शाम दौड़ की ऐसी प्रैक्टिस भी की थी कि 25 की बजाय 21 मिनट में ही 5 किलोमीटर की रेस पूरी कर ली। लेकिन जिस दिल में सब इंस्पेक्टर बनने की चाह लेकर उसने यह दौड़ लगाई थी उसी ने यहां धोखा दे दिया। गुजरात के भरूच में भर्ती के दौरान कच्छ से आए रविराज सिंह जडेजा ने दम तोड़ दिया।



घटना गुरुवार सुबह की है। रविराज पुलिस सब इंस्पेक्टर और लोक रक्षक दल (एलआरडी) रिक्रूटमेंट भर्ती में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। रेस पूरी करने के बाद जडेजा ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की और उन्हें मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने प्राथमिक चिकित्सा दी। लेकिन स्थिति बिगड़ती गई और रविराज बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत भरूच सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां दिल का दौड़ा पड़ने से उनकी मौत हो गई। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक भरूच के एसपी अक्षय राज मकवाना ने बताया,'उनके पिता ने कहा कि रविराज ने भर्ती के लिए बहुत प्रैक्टिस की थी और दौड़ निर्धारित 25 मिनट की बजाय 21 मिनट में ही पूरी कर ली। पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि दिल में ब्लॉकेज था। रवि के पिता महेंद्र सिंह स्टेट रिजर्व पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर हैं और इस समय वड़ोदरा में तैनात हैं।

Andhra Pradesh

## बिरयानी में नींद की गोलियां मिला पति को खिलाई, प्रेमी को बुला करवाई हत्या



### फिर शव के पास बैठ देखी गंदी मूवी

**गुंटूर, (एजेंसी)** आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के चिलुवुरु गांव में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुन आपकी भी रूह कांप उठेगी। यहां एक महिला ने अपने पति की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम देने के लिए बिरयानी को ही हथियार बना लिया। महिला ने बिरयानी में नींद की गोलियां मिलाकर पति को बेहोश किया और फिर अपने प्रेमी को बुलाकर तकिए से उसका दम घोंट दिया। शुरुआत में इस मौत को प्राकृतिक बताया गया, लेकिन पोस्टमॉर्टम और जांच के बाद मामला हत्या का निकला। मृतक की पहचान लोकम शिवनागराजू के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी माधुरी का लंबे समय से गोपी नामक व्यक्ति के साथ अवैध संबंध था। इसी रिश्ते के चलते दोनों ने शिवनागराजू को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। घटना वाली रात माधुरी ने घर पर बिरयानी बनाई, जिसमें उसने पीसी हुई नींद की गोलियां मिला दीं। भोजन करने के बाद शिवनागराजू गहरी नींद में चले गए। इसके बाद माधुरी ने अपने प्रेमी गोपी को घर बुलाया। पुलिस के अनुसार, दोनों ने मिलकर सो रहे शिवनागराजू के चेहरे पर तकिया रखकर उसका दम घोंट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद माधुरी ने मामले को छिपाने की कोशिश की और गांव में यह अफवाह फैला दी कि उसके पति की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है।

Gujrat

## अहमदाबाद के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, गुजरात पुलिस में हड़कंप

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में आज एक बार फिर स्कूलों के परिसर में हड़कंप मच गया। पश्चिमी अहमदाबाद के कई स्कूलों को एक ही तरह की धमकी भरी ईमेल मिली, जिसमें बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी। स्कूल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद मामला क्राइम ब्रांच के हाथ में आ गया। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच की बम निरोधक दस्ता और फॉरेंसिक विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्कूल परिसरों की छानबीन शुरू कर दी गई है। स्निफर डॉग्स और बम डिस्पोजल यूनिट्स के साथ-साथ विशेषज्ञ टीमों ने हर कोने की तलाशी ली। अभी तक किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक का पता नहीं चला है, लेकिन जांच जारी है। यह पहली बार नहीं है जब अहमदाबाद के स्कूलों को ऐसी ईमेल धमकियां मिली हैं। पिछले कुछ महीनों में कई बार स्कूल, कोर्ट और अन्य सार्वजनिक जगहों पर इसी तरह की होक्स कॉल्स या ईमेल आए हैं।

Noida

## नोएडा में शिव नादर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, बच्चों को भेजा गया घर

**नोएडा, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्कूल को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। नोएडा के सेक्टर-168 स्थित शिव नादर स्कूल को ई-मेल से बम से उड़ाने की धमकी मिली। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और साइबर टीम को मौके पर तैनात किया गया। बम धमकी के बाद मचे हड़कंप के बीच बच्चों को सुरक्षित घर वापस भेजा गया है। गणतंत्र दिवस से पहले पुलिस इस धमकी के बाद अलर्ट मोड में है। स्कूल में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पुलिस और प्रशासन ने अभिभावकों से पैनिक न करने और संयम बरतने की अपील की है।**



शिव नादर स्कूल के ईमेल पर बम धमाके की धमकी का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया। मामले में तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। आनन-फानन में स्कूल कैंपस को खाली कराया गया। मौके पर बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची। सीनियर पुलिस अधिकारी भी स्कूल में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। लगातार स्कूल की जांच की जा रही है।

खेल

# रायपुर में रिंकू सिंह के पास इतिहास रचने का मौका, तोड़ सकते हैं एमएस धोनी का बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला आज यानी 23 जनवरी को रायपुर के शहीद वीर नरायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। नागपुर में खेले गए पहले टी20 में भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से हराया था। भारत ने टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए कीवी टीम को 239 रन का टारगेट दिया था। इसके बाद न्यूजीलैंड को 190 रन पर ही रोक दिया था। पहले टी20 में रिंकू सिंह ने दमदार बल्लेबाजी की थी। वहीं अब दूसरे टी20 में भी वह दिग्गज एमएस धोनी का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।**



भारत के लिए टी20 फॉर्मेट में 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड हार्दिक पंड्या के नाम है। उन्होंने 15 छक्के लगाए हैं। हालांकि, अब इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर संयुक्त रूप से एमएस धोनी के साथ रिंकू सिंह आ गए हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम 12-12 छक्के हैं। अब अगर रायपुर टी20 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 20वें ओवर में रिंकू सिंह एक भी छक्का लगा देंगे तो वह इस मामले में एमएस धोनी से आगे निकल जाएंगे और भारत के लिए 20वें ओवर में टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे।

रिंकू सिंह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 में 220 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 20 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए थे। रिंकू ने अपनी पारी में 4 चौके और 2 छक्के लगाए थे। 20वें ओवर में उन्होंने 2 छक्के लगाए थे। 28 साल के रिंकू सिंह ने भारत के लिए 2023 में वनडे और टी20 में डेब्यू किया था। उसके बाद से अब तक उन्होंने 2 वनडे और 36 टी20 मुकाबले भारत के लिए खेले हैं। वनडे में रिंकू ने 55 रन ही बनाए हैं। टी20 में उन्होंने 165 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 594 रन ठोके हैं। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 3 फिफ्टी ठोकी हैं।

सिनेमा

## Border 2 की बॉक्स ऑफिस पर सिंह गर्जना, थएटर्स में उमड़ी भीड़, एडवांस बुकिंग में 'गदर 2' से पीछे



आखिरकार वो घड़ी आ गई, जिसका इंतजार था। 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 को रिलीज हो गई है। सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर यह फिल्म, देशभक्त किी भावना और पुरानी यादों के सहारे, सिनेमाघरों में उतरी है। रिलीज से पहले दमदार एडवांस बुकिंग हुई है। देशभर में 4800 स्क्रीन्स पर 17000 शोज में इसे रिलीज किया गया है। यहां तक कि सिंगल स्क्रीन से लेकर मल्टीप्लेक्स तक, फिल्म के शोज की भरमार है। इसका सीधा असर रणवीर सिंह की 'धुरंधर' पर हुआ है, जिसके अब गिने चुने शोज ही बचे हैं। लेकिन क्या इस आक्रामक रिलीज के बाद भी 'बॉर्डर 2' रिकॉर्डतोड़ कमाई कर पाएगी यह सवाल इसलिए कि एडवांस बुकिंग के मामले में यह 'गदर 2' से पिछड़ गई है, जिसने पहले दिन देश में 40.10 करोड़ रुपये का बिजनस किया था। आइए, समझते हैं कि बॉक्स ऑफिस पर गणति क्या कहता है। अनुराग सिंह के डायरेक्शन में बनी 'बॉर्डर 2' साल 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर बनी है। फिल्म का टोटल बजट 275 करोड़ रुपये है। मेकर्स और डिस्ट्रीबयूटर्स ने गणतंत्र दिवस के लॉन्ग वीकेंड का फायदा उठाने के लिए बेहद आक्रामक रणनीति अपनाई है। इसके लिए अगले दो हफ्ते तक सिंगल स्क्रीन थएटर्स के सभी शोज, और अलग-अलग स्क्रीन काउंट वाले मल्टीप्लेक्स में हर दिन 10 से 20 शोज तक की शर्त के साथ इसे रिलीज किया गया है।

## Highlights

1. Petitioners cite US law in SIR case, EC says 'Trump picked Maduro, where is due process?'
2. People with small minds, says Fadnavis after Raut's picnic at Davos comment
3. Delhi records warmest January day in 7 years
4. Look forward to welcome Brazil's Prez Lula da Silva to India: PM Modi
5. Roads not for social media: B'luru Traffic Police books content creator for blocking road

# India offloads US bonds, piles up gold in pivot away from dollar assets



**NEW DElHI, (Agency).** The Reserve Bank of India's holdings of US Treasury bonds have fallen to a five-year low as India pushes to support rupee versus the US dollar and diversify its forex reserves, joining a broader shift by some major economies out of the world's biggest bond market.

RBI's holdings of long-term US bonds have dropped to $174 billion, down 26% from a 2023 peak, according to US government data made available last week. US Treasury bonds now account for one-third of India's forex assets, according to RBI data, compared with 40% a year prior.

As gold and other alternatives take a larger share of RBI's forex reserves, the shift mirrors moves by bigger holders like China, reviving questions about US exceptionalism and the role of its debt as a reserve asset. Renewed trade threats from President Donald Trump over Greenland are only deepening the unease, raising the prospect that European governments could also start scaling back.

Much of this shift likely reflects a move away from dollar assets to mitigate sanctions risks, said Win Thin, chief economist at Bank of Nassau 1982 Ltd. with nearly four decades of market experience.

# OpenAI's new business model: A finder's fee for success you found yourself

**NEW DElHI, (Agency).** Amid all the attention trained at the artificial intelligence (AI) conversations in Davos, there is a mild sense of panic among the global AI adopters in particular, who have discovered a post by OpenAI's chief financial officer Sarah Friar. In the post, Frier seems to suggest that OpenAI is open to the idea of taking a share of customers' AI-aided discoveries. This comes as the company has repeatedly emphasised the need to open up more revenue streams, including the recent




confirmation of in-conversation advertisements within ChatGPT.

As intelligence moves into scientific research, drug discovery, energy systems, and financial modeling, new economic models will emerge. Licensing, IP-based agreements, and outcome-based pricing will share in the value created. That is how the internet evolved. Intelligence will follow the same path," writes Friar. For OpenAI, current revenue streams include consumer and enterprise focused subscriptions, usage-based APIs which are linked with production workloads, and something as recent as ChatGPT Checkouts which will corner a 4% share of Shopify merchant sales marking an e-commerce push for the AI chatbot.

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियां जारी

## उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा इंदौर में करेंगे ध्वजारोहण

● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने मुख्य समारोह स्थल नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की व्यापक तैयारियां जारी है। मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगे। इंदौर में यह समारोह सुबह 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में परेड सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज अधिकारियों के दल के साथ नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिये।**

इस अवसर पर एडीएम श्री रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री अभय राजनगांवकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। बताया गया कि समारोह में विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड भी प्रस्तुत की जायेगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित 13 से अधिक नयनाभिराम झाँकियां भी विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेंगी। खजराना गणेश मंदिर, जिला पंचायत, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, उद्योग, जेल, महिला बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी आदि विभागों द्वारा नयनाभिराम झाँकियां निकाली जायेंगी। समारोह स्थल पर आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्वतंत्रता सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे। समारोह में विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे।

इसी तरह इंदौर संभाग के बुरहानपुर में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, खरगोन में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, बड़वानी में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल तथा खंडवा में संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ध्वजारोहण करेंगे। संभाग के धार, झाबुआ तथा आलीराजपुर जिले के मुख्य समारोह में संबंधित जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिए गये हैं।

## गोदामों में सुरक्षा के संबंध में कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल के नवाचार पर श्री (SHREE) पहल की श्रृंखला के तहत संचालनालय, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा गुरूवार को गोदामों (Warehouses) में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अनिवार्य सुरक्षा उपायों के पालन के विषय पर एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

कॉन्फ्रेंस में वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के अधिकारी, गोदाम स्वामी एवं प्रबंधन प्रतिनिधि सम्मिलित हुए, जिसमें लगभग 500 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। कॉन्फ्रेंस में गोदामों (Warehouses) में दुर्घटना-निवारण, अग्नि जोखिम प्रबंधन, सुरक्षित भण्डारण, मशीन एवं उपकरण सुरक्षा तथा संरचनात्मक सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य गोदामों (Warehouses) में सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता सुदृढ करना तथा श्रमिकों के लिये सुरक्षित कार्य परिवेश सुनिश्चित करना था।

## हाईकोर्ट में होगा ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की खंडपीठ इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 9 बजे खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति ध्वजारोहण करेंगे।

## 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इंदौर में इस अवसर पर 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय इंदौर के सभाकक्ष -210 में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट है'। कार्यक्रम की टैगलाइन भारतीय लोकतंत्र की धड़कन-भारतीय नागरिक है। कार्यक्रम में मतदाता दिवस की शपथ भी दिलायी जायेगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक